आयोजन | खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाली कोई टीम कमजोर नहीं होती, हार-जीत खेल का हिस्सा है : जायसवाल

# खेल आयोजनों की सफलता में दर्शकों की भूमिका अहम

▶ विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब बिलासपुर ने जीता, विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित






**नवभारत, शहडोल ।** अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, बुढार में बिलासपुर एवं नागपुर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें बिलासपुर की टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धाओं में कोई भी टीम कमजोर नहीं होती, जीत और हार खेल का एक अहम हिस्सा होती है। खेलों से अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास कर बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने माता-पिता, गांव, शहर, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि किसी भी खेल प्रतियोगिता की सफलता में टीमवर्क के साथ-साथ दर्शकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चर सोसायटी, बुढार द्वारा किया गया आयोजन सराहनीय रहा, जिसमें दर्शकों की उपस्थिति ने मुकाबलों को और भी रोमांचक बना दिया।इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय रहा। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और ईमानदारी के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।समापन कार्यक्रम को सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने भी संबोधित किया। मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका शहडोलघनश्याम जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, नगर पंचायत बकहो के उपाध्यक्ष वैभव कुमार, आयोजक कैलाश विशनानी, समाजसेवी अंकुश शर्मा, अमित मिश्रा, रविंद्र वर्मा, गुरु शरण सिंह, राकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुढार में 13 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक किया गया, जिसमें बुढार, कोरिया-मनेंद्रगढ़, पेंड्रा, डीसीए उमरिया, दिल्ली, इलाहाबाद, नागपुर, बिलासपुर, जबलपुर एवं रीवा सहित कुल 12 टीमों ने भाग लिया।



## तेंदुए की खाल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पटवारी भी शामिल

**नवभारत, शहडोल ।** वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए जिला सिवनी से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से तेंदुए की खाल बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों में एक पटवारी भी शामिल है। यह कार्यवाही जैतपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत दर्ज वन्यप्राणी शिकार के पुराने प्रकरण से जुड़ी हुई है। वन विभाग के अनुसार इस मामले में पहले ही 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पूछताछ के दौरान एक पटवारी की संलिप्तता सामने आने के बाद वन विभाग की टीम ने सिवनी जिले के देवघाट (मझगवां) गांव में दबिश दी। तलाशी के दौरान रीझन लाल मरकाम (54 वर्ष), निवासी ग्राम खांपा, थाना कोयलारी, जिला सिवनी के बैग से तेंदुए की खाल बरामद की गई। आरोपी वर्तमान में हल्का बगलई, जिला सिवनी में पटवारी के पद पर पदस्थ बताया गया है। इसी कार्यवाही में रमाकांत दुबे (35 वर्ष), निवासी संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर को भी गिरफ्तार किया गया है। जब्त तेंदुए की खाल को वन विभाग परिसर में सुरक्षित रखवाया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। डीएफओ दक्षिण श्रद्धा पंद्रे ने बताया कि 27 अक्टूबर को जैतपुर वन परिक्षेत्र में पेंग्युलिन शिकार मामले में की गई कार्रवाई के दौरान यह पूरा नेटवर्क सामने आया था। फिलहाल आरोपी यह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं कि तेंदुए का शिकार कहां किया गया और खाल उन्हें कहां से प्राप्त हुई। वन विभाग मामले की गहन जांच कर रहा है।



## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत कार्यक्रम

**नवभारत, गोहपारू ।** गोहपारू क्षेत्र के अंतर गत ग्राम पंचायत पैलवाह मे 21 जनवरी को विकास खण्ड गोहपारू के सेक्टर क्रमांक 2 पैलवाह,ग्राम पंचायत पैलवाह में मध्यप्रदेश जन अभियान अंतर्गत ग्रामोदय से अभुदय अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहाँ परामर्शदाता मुकेश पाठक, सची तिवारी,नवांकुर संस्था के प्रमुख मुकेश केवट, ग्राम पंचायत उपसरपंच विकास सिंह,विकास सरकार द्विवेदी के मार्गदर्शन पर सामाजिक कार्यकर्ता धनजंय सिंह, एम.एसडब्ल्यू. द्वितीय वर्ष के छात्र अजीत सिंह, प्रस्फुटन समिति के सदस्य और ग्रामीण जन उपस्थित थे । मुकेश पाठक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चौपाल, रैली व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं स्वस्थ-नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण किया जाएगा अभियान सम्बंधित जानकारी दी गई ।

## खेत में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

▶ परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**नवभारत, शहडोल ।** जिले के कलहारी में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मामला ब्यौहारी थाना क्षेत्र के कलहारी गांव का है, जहां खेत में शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक की पहचान अजय कुशवाहा (23 वर्ष), पिता छोटे लाल कुशवाहा, निवासी कलहारी के रूप में हुई है। अजय पेशे से पिकअप वाहन चलाता था। पुलिस ने बताया कि जिस स्थान पर शव मिला है, वह मृतक के घर से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। घटनास्थल के पास उसकी बाइक भी बरामद हुई है, जिससे मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है। परिजनों के अनुसार अजय मंगलवार शाम बाइक लेकर घर से निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। देर होने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, मगर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बुधवार सुबह खेत में शव मिलने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। शव के पैरों और कपड़ों पर जलने के निशान पाए गए हैं। इस आधार पर परिजनों ने अजय की हत्या कर शव को खेत में फेंकने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## अतिथि शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नवभारत, गोहपारू ।** मृतक लंबे समय से अकेलापन और मानसिक अवसाद से जूझ रहे थे मां की मृत्यु के गहरे सदमे में एक अतिथि शिक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना शहडोल के गोहपारू थाना क्षेत्र के चुहिरी गांव की है। मृतक लंबे समय से अकेलेपन और मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। मां के निधन के बाद वह और अधिक गुमसुम रहने लगा था।पुलिस के अनुसार चुहिरी निवासी अतिथि शिक्षक दिलीप गुप्ता पिता स्वर्गीय नत्थूलाल गुप्ता (उम्र 43 वर्ष) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। दिलीप गुप्ता पड़ोसी गांव बरेली स्थित एक स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनका विवाह नहीं हुआ था। परिवार में केवल एक बहन है, जिसकी शादी पहले ही हो चुकी है।बताया गया कि लगभग दो माह पूर्व बीमारी के चलते उनकी बुजुर्ग मां का निधन हो गया था। इसके बाद से दिलीप मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गए थे और अधिकतर समय अकेले रहते हुए चुपचाप रहते थे।बुधवार सुबह जब काफी देर तक दिलीप ने घर का दरवाजा नहीं खोला तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई। एक पड़ोसी ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया, जहां दिलीप का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल गोहपारू पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण मानसिक अवसाद और मां की मृत्यु का सदमा माना जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.